

10 मीटर एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल करने के लिए निशानेबाज रमिता, मेहुली घोष और आशी चौकसे को बधाई दी। नौकायन में पदक जीतने वाली टीम के सभी खिलाड़ियों को मेरी तरफ से बधाई। हमारी क्रिकेटर बेटियों ने कमाल ही कर दिया,उन्हें भी बधाई। सारे खिलाड़ियों ने अतुलनीय दृढ़ संकल्प और आपसी समन्वय के बल पर इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल की है। *-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*


# खेल ढाबा

पटना, मंगलवार, 26 सितंबर, 2023, ई-पेपर

RNI NUMBER APPLIED




भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स में अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक जीत दर्ज कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है, इसके लिये टीम की सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा है कि हमारी बेटियों ने अपनी प्रतिभा और टीम वर्क का बेहतर प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की है। निशानेबाजी में स्वर्ण समेत अन्य पदक जीतने वाले और नौकायन के पदक विजेताओं को हमारी ओर से हार्दिक बधाई। *-नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री बिहार*



चक दे इंडिया!

देश को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ी पदकों के साथ।

# निशानेबाजी व क्रिकेट में स्वर्ण, नौकायन में प्रभावी प्रदर्शन

## दूसरे दिन भारत ने जीते कुल छह पदक, शूटिंग में 1 स्वर्ण और दो कांस्य, क्रिकेट में स्वर्ण और नौकायन में दो कांस्य पदक



भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाली निशानेबाजों की तिकड़ी।

हांगझोउ, 25 सितंबर

**चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियन गेम्स के दूसरे दिन भारत की शुरुआत शानदार तरीके से शुरू हुई। निशानेवाजों में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। सोमवार को भारतीय खिलाड़ियों ने दो गोल्ड समेत 6 मेडल जीते। शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह, दिव्यांश सिंह और रुद्रांक्ष पाटिल ने देश को पहला गोल्ड मेडल दिलाया। वहीं भारतीय वीमेंस क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को हरा दूसरा गोल्ड दिलाया।**

**इसके अलावा शूटिंग स्पर्धा में भारतीय तिकड़ी ने 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा कांस्य पदक जीता और निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने व्यक्तिगत 10 मीटर एयर राइफल में ब्रॉन्ज अपने नाम किया। रोइंग में भी आज भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। भारत को अब तक 2 गोल्ड, 3 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज पदक मिल चुके हैं।**

### पहला स्वर्ण पदक (शूटिंग)

विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल की अगुआई में भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ मौजूदा एशियाई खेलों में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता।

### दूसरा स्वर्ण पदक

युवा तेज गेंदबाज टिटास साधू के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने सोमवार को श्रीलंका को 19 रन से हराकर एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

19th Asian Games Hangzhou 2022

### अन्य पदक

**शूटिंग (कांस्य) :** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में रुद्रांक्ष को पछाड़ा जो चौथे स्थान पर रहे।

**शूटिंग (कांस्य) :** आदर्श सिंह, अनीष भानवाला और विजयवीर सिद्धू की भारतीय तिकड़ी ने 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा में 1718 अंक से इंडोनेशिया के साथ टाई रहने के बाद कांस्य पदक जीता।

**नौकायन (दो कांस्य पदक) :** भारत के नौकायन खिलाड़ियों ने दो स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार और आशीष गोलियान की टीम ने पुरुष फोर स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ की जिसके बाद सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जाकर खान और सुखमीत सिंह ने पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स में कांस्य पदक अपने नाम किया।

एशियन गेम्स की खबरें पेज 2 व 3 पर। अन्य खबरें पेज-4 पर

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 39 | 21 | 9 | 69 |
| दक्षिण कोरिया | 10 | 10 | 13 | 33 |
| जापान | 5 | 14 | 12 | 31 |
| उज्बेकिस्तान | 4 | 4 | 6 | 14 |
| हांगकांग, चीन | 3 | 4 | 7 | 14 |
| भारत | 2 | 3 | 6 | 11 |
| चीनी ताइपे | 2 | 1 | 3 | 8 |
| इंडोनेशिया | 1 | 1 | 4 | 6 |
| थाईलैंड | 1 | 0 | 2 | 3 |
| मकाउ, चीन | 1 | 0 | 1 | 2 |
| तजाकिस्तान | 1 | 0 | 1 | 2 |
| ईरान | 0 | 3 | 5 | 8 |
| उत्तर कोरिया | 0 | 2 | 2 | 4 |
| वियतनाम | 0 | 1 | 5 | 6 |
| कजाकिस्तान | 0 | 1 | 4 | 5 |
| मंगोलिया | 0 | 1 | 3 | 4 |
| यू ए ई | 0 | 1 | 1 | 2 |
| ब्रुनेई दारुशेलम | 0 | 1 | 0 | 1 |
| श्रीलंका | 0 | 1 | 0 | 1 |
| फिलीपींस | 0 | 0 | 2 | 2 |
| अफ़ग़ानिस्तान | 0 | 0 | 1 | 1 |
| बांग्लादेश | 0 | 0 | 1 | 1 |
| कुवैट | 0 | 0 | 1 | 1 |
| सिंगापुर | 0 | 0 | 1 | 1 |
| तुर्कमेनिस्तान | 0 | 0 | 1 | 1 |

**बड़ा फैसला** बीसीसीआई एजीएम में लिया गया बड़ा फैसला

# गेस्ट प्लेयर्स को अब मिलेगी सिर्फ मैच फीस, कोई अतिरिक्त राशि नहीं

गोवा में आयोजित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सलाना आम बैठक में सोमवार को एक बड़ा फैसला लिया गया है। यह फैसला गेस्ट प्लेयर्स को लेकर लिया गया है। बोर्ड ने गेस्ट प्लेयर्स को अतिरिक्त राशि को देना बंद करने का फैसला लिया है। फैसला अगर लागू होगा तो गेस्ट खिलाड़ियों को अब केवल सिर्फ मैच फीस ही मिलने वाली है। बोर्ड ने राज्य संघों द्वारा अपने गेस्ट खिलाड़ियों को अतिरिक्त राशि देने की प्रथा को समाप्त करने का निर्णय लिया है।

**इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार बीसीसीआई** ने राज्य क्रिकेट संघों को निर्देश देते हुए कहा है कि गेस्ट खिलाड़ियों को मिलने वाली अतिरिक्त राशि को तत्काल अब बंद किया जाएगा और अपने प्रोफेशनल खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकटर्स की तरह ही सिर्फ मैच फीस दी जाएगी। खबर है कि बोर्ड के इस फैसले पर राज्य क्रिकेट संघों ने सहमति भी दी है। लेकिन अभी यह तय नहीं हुआ है कि बोर्ड का यह फैसला इस सीजन से लागू होगा या अगले सीजन से।

बीसीसीआई बैठक में भाग लेने वाले एक सदस्य ने कहा है कि इस पर चर्चा हुई और इस बात पर सहमति बनी कि बीसीसीआई को इसे खत्म कर देना चाहिए। अब से राज्य गेस्ट खिलाड़ियों को अपने यहां रख सकते हैं, लेकिन वो मैच फीस के अलावा अतिरिक्त भुगतान नहीं कर सकते। हालांकि बीसीसीआई के इस फैसले से करीब 100 से भी ज्यादा खिलाड़ियों पर असर पड़ सकता है।

बीसीसीआई के इस फैसले से पहले सभी स्टेट क्रिकेट एसिसोएशन तीन गेस्ट खिलाड़ियों को नियुक्त कर सकत




था, जब से 38 टीमों की संख्या हुई है। उसके बाद से स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन गेस्ट खिलाड़ियों को मैच फीस के साथ अतिरिक्त राशि का भुगतान करते थे। लेकिन अब बोर्ड ने अतिरिक्त भुगतान को पूरी तरह से बंद करने का फैसला ले लिया है और जल्द ही इसे लागू किया जाएगा।

### आईपीएल संचालन समिति में बने रहेंगे डालमिया व धूमल

बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष अभिषेक डालमिया और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल को सोमवार को गोवा में आयोजित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में आईपीएल संचालन समिति (जीसी) में फिर से चुना गया है।

इस दौरान बीसीसीआई ने आम सभा को आईसीसी द्वारा मिलने वाले वार्षिक राजस्व में 38 प्रतिशत से अधिक की कमाई और द्विपक्षीय श्रृंखला के अगले चक्र के दौरान मीडिया अधिकारों से प्रति मैच 67 करोड़ रुपये (लगभग) की कमाई के बारे में अवगत कराया। बैठक में सभी नियमित फैसले लिये गये। क्रिकेट समितियों और उप-समितियों के लिए नामों की सूची पदाधिकारियों द्वारा तैयार की जाएगी। आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल और अविषेक डालमिया को इस टी20 लीग की संचालन समिति में बरकरार रखा गया



है। यह भी पता चला है कि लोकपाल-सह-आचरण अधिकारी अपने अनुबंध के अनुसार बने रहेंगे जो अगले साल समाप्त होने वाला है। राज्य इकाई के सूत्र ने कहा, 'लोकपाल-सह- आचरण अधिकारी जून 2024 तक बने रहेंगे। वह अपना पूरा अनुबंध पूरा करेंगे। भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा अब शीर्ष परिषद में भारतीय क्रिकेटर संघ के प्रतिनिधि नहीं होंगे। सूत्र ने कहा कि आईसीए का चुनाव होगा और फिर वह अपना नया प्रतिनिधि चुनेगा।


खेलढाबा.कॉम के साथ जुड़कर अपने बिजनेस को दें नई उड़ान

विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

Call For Advertisment

7870100025

# महिला क्रिकेट : श्रीलंका को हरा भारत ने पहली बार जीता सोना

## 19 रन से हारा श्रीलंका, मंधाना व जेमिमा रोड्रिग्स की शानदार बैटिंग, तितास ने चटकाये तीन विकेट

**हांगझोउ, 25 सितंबर**

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में सोमवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 19 रन से हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया है।

आज सुबह भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही शेफाली वर्मा 15 गेंदों में नौ रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद स्मृति ने जेमिमा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को रानावीरा ने तोड़ा। उन्होंने मंधाना को आउट किया। मंधाना ने 45 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाये। वहीं, ऋचा घोष नौ रन, दो मैचों के प्रतिबंध के बाद टीम में वापसी कर रहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर दो रन, पूजा वस्त्राकर दो रन बनाकर आउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने 40 गेदों में पांच चौके की मदद से 42 रन की पारी खेली। दीप्ति और अमनजोत एक-एक रन बनाकर नाबाद रहीं।

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने सर्वाधिक 46 रन की पारी खेली। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स ने 42 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी, सुगंदिका कुमारी और इनोका रानावीरा ने दो-दो विकेट लिए।

117 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम को तीसरे ओवर में भारतीय तेज गेंदबाज तितास साधु ने दो विकेट चटका दिये। साधु ने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर अनुष्का संजीवनी को हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच कराया। संजीवनी एक रन बना सकीं। इसके बाद चौथी गेंद पर विष्मी गुणारत्ने को क्लीन बोल्ड किया। पांचवें ओवर में उन्होंने श्रीलंका की सबसे खतरनाक बल्लेबाज और कप्तान चमारी अटापट्टू (12) को भी आउट कर दिया। श्रीलंका का 18वें ओवर में 86 के स्कोर पर छठा विकेट रूप में भारतीय गेंदबाज दीप्ति ने रानासिंघे को आउट किया। कविशा दिलहारी को पांच रन के स्कोर पर देविका ने रिचा के हाथों कैच आउट कराया। वहीं सुगंधिका कुमारी का राजेश्वरी ने रिचा के हाथों स्टंप कराकर आउट कर दिया।

इनोशी प्रियदर्शिनी और उदेशिका प्रबोधनी एक-एक रन बना नाबाद रहे। श्रीलंकाई टीम आठ विकेट पर 97 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से तितास साधु ने छह रन देकर तीन विकेट चटकाये। राजेश्वरी गायकवाड़ ने 20 देकर दो विकेट लिये। दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्रकर और देविका वैद्य को एक-एक विकेट चटकाये।







# निशानेबाजी : एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते भारत ने

## 10 मीटर एयर राइफल टीम ने निशानेबाजी प्रतियोगिता में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

**हांगझोउ, 25 सितंबर**

विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल की अगुआई में भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने निशानेबाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ यहां एशियाई खेलों में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता।

ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने इसके बाद व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जो निशानेबाजी में भारत का चौथा पदक है। इसके बाद निशानेबाजी में विजयवीर सिद्धू, आदर्श सिंह, अनीश भनवाला की पुरूष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम ने 1718 स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता और पदकों की संख्या होगी पांच।

ऐश्वर्य ने कांस्य पदक के मुकाबले में रुद्रांक्ष को पछाड़ा जो चौथे स्थान पर रहे। ऐश्वर्य ने तीसरे स्थान के शूट ऑफ में रुद्रांक्ष को पछाड़कर 228.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। ऐश्वर्या पार्क हाजुन को पछाड़कर रजत पदक जीतने की दौड़ में शामिल थे लेकिन अंतिम शॉट पर 9.8 अंक के साथ बाहर हो गए। दक्षिण कोरिया के इस निशानेबाज को अंततः रजत पदक जीता जबकि चीन के शेंग लिहाओ ने 253.3 अंक के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

इससे पहले रुद्रांक्ष, ओलंपियन दिव्यांश पंवार और ऐश्वर्य की तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन दौर में 1893.7 के कुल स्कोर के साथ चीन और दक्षिण कोरिया की मजबूत टीमों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कुल स्कोर का पिछला विश्व रिकॉर्ड 1893.3 अंक का था जिसे एक महीने से भी कम समय पहले चीन की टीम ने अजरबेजान के बाकू में विश्व चैंपियनशिप के दौरान बनाया था। दक्षिण कोरिया ने कुल 1890.1 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि 1888.2 अंक के साथ कांस्य पदक चीन की झोली में गया। भारत के एयर राइफल निशानेबाजों ने दबदबे वाला प्रदर्शन किया। उन्नीस साल के रुद्रांक्ष ने 632.5, तोमर ने 631.6 और दिव्यांश ने 629.6 अंक बनाए। रुद्रांक्ष और तोमर ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में भी जगह सुनिश्चित की। भारत के तीनों निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। दिव्यांश हालांकि निराश होंगे क्योंकि वह एशियाई खेलों के उस नियम के कारण फाइनल में जगह नहीं बना पाए जिसके तहत एक देश के सिर्फ दो निशानेबाजों को ही फाइनल में जगह मिल सकती है। रुद्रांक्ष क्वालीफिकेशन में तीसरे और तोमर पांचवें स्थान पर रहे। दिव्यांश आठवें स्थान पर रहे और अगर यह विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप या और कोई महाद्वीपीय प्रतियोगिता होती तो तीनों भारतीय निशानेबाज फाइनल में जगह बनाते।



ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने दूसरे दिन एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता।10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में उन्हें स्वर्ण पदक मिला जबकि व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।



पुरूष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम।

# रोइंग में जीते 2 कांस्य, पदकों की संख्या हुई 5

## भारत ने नौकायन में किया पुरुष फोर स्पर्धा और क्वाड्रपल स्कल्स में कांस्य पदक अपने नाम

**हांगझोउ, 25 सितंबर**

भारतीय मेंस कॉक्सलेस फोर और क्वाड्रपल स्कल्स रोइंग टीम ने सोमवार को हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 में अपने-अपने इवेंट में कांस्य पदक जीते।

फुयांग वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में दो पोडियम फिनिश के साथ भारतीय रोवर्स ने एशियाई खेल 2023 में रोइंग में पांच पदक (दो रजत और तीन कांस्य) के साथ अपने अभियान को समाप्त किया। इससे पहले रविवार को ओलंपियन अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह की भारतीय मेंस लाइटवेट डबल स्कल्स टीम और मेंस 8 टीम ने रजत पदक जीते थे, जबकि मेंस पेयर्स टीम ने कांस्य पदक जीता था। आशीष, भीम सिंह, जसविंदर सिंह और पुनीत कुमार की पुरुषों की कॉक्सलेस फोर टीम ने फाइनल-ए में 6:10.81 का समय दर्ज करते हुए कांस्य पदक जीता। ये चारों रोवर्स रजत पदक विजेता मेंस 8 टीम का भी हिस्सा थे। मेंस 8 टीम रेस के पहले भाग में पदक हासिल करने से बाहर हो गई थी, लेकिन दूसरे भाग में जापान को पीछे छोड़ते हुए अंतिम पोडियम स्थान हासिल कर लिया। उज्बेकिस्तान 6:04.96 के साथ विजेता रहा, जबकि चीन ने 6:10.04 के साथ रजत पदक हासिल किया। पदक की दौड़ में सीधे प्रवेश पाने के लिए भारतीय मेंस 4 टीम ने पहले हीट-1 में शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत का दिन का दूसरा पदक पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स टीम ने हासिल किया। परमिंदर सिंह, सतनाम सिंह, जकार खान और सुखमीत सिंह ने 6:08.61 समय के साथ अपना कोर्स पूरा किया और चीन (6:02.65) और उज्बेकिस्तान (6:04.64) से पीछे रहते हुए कांस्य पदक हासिल किया। पुरुष एकल स्कल्स में भारत के बलराज पंवार मामूली अंतर से पदक से चूक गए। अच्छी शुरुआत करने के बावजूद, अंतिम चरण में पंवार हार गए और 7:08.79 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। चीन के झांग लियांग ने स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान की रयुता अराकावा और हांगकांग, चीन की चिउ हिन चुन ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। गौरतलब है कि भारत ने 2018 जकार्ता खेलों में तीन पदक (एक स्वर्ण और दो कांस्य) जीते थे।

### नौकायन में परमिंदर सिंह ने पिता के कांस्य पदक की बराबरी की

नौकायन खिलाड़ी परमिंदर सिंह ने एशियाई खेलों में सोमवार को यहां पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स में कांस्य पदक पदक जीतकर अपने पिता की उपलब्धि की बराबरी की। इस 23 साल के खिलाड़ी ने सतनाम सिंह, जाकर खान और सुखमीत सिंह के साथ छह मिनट 8.61 सेकेंड का समय लिया। चीन (6:02.65) को स्वर्ण जबकि उज्बेकिस्तान (6:04.64) को रजत पदक मिला।

परमिंदर के पिता इंदरपाल सिंह ने 21 साल पहले 2002 बुसान एशियाई खेलों में पुरुषों के कॉक्सलेस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

परमिंदर ने 'हांगझोउ एशियाई खेलों की वेबसाइट' कहा कि यह काफी सुखद है। मैं उनके कारण ही नौकायन से जुड़ा। उनका अनुसरण करते हुए उनकी आंखों के सामने पदक जीतना शानदार एहसास है। इंदरपाल भारत के शुरुआती नौकायन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने 2000 सिडनी ओलंपिक में भाग लिया था। वह हांगझोउ गई भारतीय टीम के कोचिंग दल में शामिल हैं।

### भारतीय नौकायन कोच बेगअब ने कहा-नजरें ओलंपिक क्वालीफायर पर

एशियाई खेलों में पिछले 25 साल में बतौर कोच भारत की झोली में दो स्वर्ण समेत 23 पदक डाल चुके नौकायन टीम के मुख्य कोच इस्माइल बेग हांगझोउ में पांच पदक जीतने के बाद राहत महसूस कर रहे हैं हालांकि उनकी नजरें अब पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर पर टिकी हैं। भारत ने जकार्ता एशियाई खेलों की तुलना में अपने पदकों की संख्या में इजाफा किया जहां तीन पदक मिले थे। हालांकि इस बार स्वर्ण पदक नही मिला जबकि जकार्ता में पांच साल पहले नौकायन में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक मिले थे। भारत हांगझोउ में कुल पांचवें स्थान पर रहा जो 2018 के प्रदर्शन से एक स्थान बेहतर है। भारतीय टीम के साथ 1998 में सहायक कोच और 2002 से मुख्य कोच के रूप में जुड़े बेग ने हांगझोउ से भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा कि हमने इतनी कठिन प्रतिस्पर्धा में पांच पदक जीते जो बड़ी बात है। अब फख्र के साथ भारत लौट सकेंगे। बहुत राहत महसूस कर रहा हूं लेकिन अभी मेहनत का सिलसिला थमना नहीं है। भारत ने इस साल सबसे बड़ा नौकायन दल (33 खिलाड़ी और दस सहयोगी स्टाफ) भेजा था जिसने दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते। बेग ने कहा कि पदकों का रंग बेहतर हो सकता था लेकिन समग्र प्रदर्शन से वह संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि एक कोच कभी संतुष्ट नहीं होता।





### तितासा साधु ने कहा-शांतचित रहकर रणनीति पर अमल करना जीत की कुंजी

**हांगझोउ।** एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली युवा तेज गेंदबाज तितास साधु ने सोमवार को यहां कहा कि श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर वाले फाइनल में शांतचित रहकर अपनी रणनीति पर अमल करने से उनकी टीम को जीत मिली। अपने चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लेने वाली साधु ने कहा कि हमें क्या करना है इसको लेकर हमारी रणनीति स्पष्ट थी। निश्चित तौर पर हमें पहले ओवर में ही अच्छी लय मिल गई थी। पहली पारी समाप्त होने के बाद हमने शांतचित रहकर अपनी रणनीति पर अमल करने का फैसला किया था। उन्होंने कहा कि हमने मैच में जिस तरह से वापसी की उससे हमारे इस फैसले का पता चलता है।

### जेमिमा रौड्रिग्ज ने कहा-भारतीय पुरुष टीम से स्वर्ण पदक के लक्ष्य के साथ खेले

**हांगझोउ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद अनुभवी बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्ज ने पुरुष टीम से सोने के तमगे के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरने का आग्रह किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियाई खेलों में पहली बार हिस्सा ले रही है। शानदार जीत के बाद रोड्रिग्ज ने यहां पत्रकारों से कहा कि हमने पुरुष टीम से बात की है। हमने उन्हें कहा है कि हम स्वर्ण पदक के साथ आ रहे हैं और आपको भी सोने का तमगा हासिल करना चाहिये। बल्लेबाजी के लिये कठिन पिच पर रौड्रिग्ज 40 गेंद में 42 रन की पारी खेलने के साथ दूसरे विकेट के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (45 गेंद में 46 रन) के साथ 73 रन साझेदारी कर जीत की नींव रखी। भारत के कोच हृषिकेश कानिटकर भी देश के लिए पदक जीतने से खुश है। इस पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने कहा कि हमारे लिए यह इस स्वर्ण काफी मायने रखता है क्योंकि इससे देश के स्वर्ण पदकों की संख्या में इजाफा हुआ है।

### निशानेबाज रुद्रांक्ष के पिता ने कहा-उसे अपनी क्षमताओं पर भरोसा

**नईदिल्ली।** निशानेबाज रुद्रांक्ष के पिता बालासाहब पाटिल ने अपने बेटे के स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा कि मेरा बेटा खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध था। उसे अपनी क्षमताओं पर काफी भरोसा है और हांगझोउ के लिए रवाना होने से पहले रुद्रांक्ष ने कहा था कि वह देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने को लक्ष्य बनाएगा। उन्होंने कहा कि हांगझोउ के लिए रवाना होने से पहले उसने अपनी निशानेबाजी की मामूली खामियों को दूर किया।



# रोशिबिना देवी का कांस्य पक्का, भानु प्रताप प्री-क्वार्टर में, बालियान बाहर

**वुशू**

हांगझोउ (चीन), 25 सितंबर। भारतीय खिलाड़ी नाओरेम रोशिबिना देवी ने महिलाओं की 60 किलोग्राम वुशु (सांडा) स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच कर भारत के लिए एक और पदक पक्का कर लिया। रोशिबिना ने अंतिम चार में पहुंच कर कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में अपनी शुरुआती प्रतिद्वंद्वी कजाखस्तान की ऐमान कार्शिगा को आसानी से पराजित किया। रोशिबिना देवी ने पिछले एशियाई खेलों में जकार्ता में इसी श्रेणी में कांस्य पदक अपने नाम किया था। वह दक्षिण एशियाई खेलों (2019) की स्वर्ण पदक विजेता है। पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में सूर्य भानु प्रताप सिंह ने सांड़ा स्पर्धा में उज्बेकिस्तान के इसलोमबेक खायदारोव को शिकस्त देकर अंतिम आठ में जगह बनायी। पिछले एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने तीन दौर तक चले मैच को 2–1 से जीता। भानु प्रताप ने विश्व वुशु चैम्पियनशिप में भी दो कांस्य पदक जीते है। पुरुषों के 65 किग्रा स्पर्धा में भारत के विक्रांत बालियान को हार का सामना करना पड़ा। बालियान करीबी मुकाबले में इंडोनेशिया के सैमुअल मारबन ने 2–1 से हराया।



# दीपक भोरिया और निशांत देव प्री क्वार्टर फाइनल में, अरुंधति बाहर

**मुक्केबाजी**

हांगझोउ, 25 सितंबर। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया और निशांत देव ने सोमवार को यहां एशियाई खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अपने–अपने वजन वर्गों के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दीपक ने पुरुषों की 51 किग्रा में मलेशिया के मुहम्मद अब्दुल कय्यूम बिन अरिफिन को 5–0 से हराया, जबकि निशांत ने पुरुषों के 71 किग्रा के पहले दौर में नेपाल के दीपेश लामा पर इसी अंतर से जीत दर्ज की। महिलाओं के 66 किग्रा भार वर्ग में हालांकि अरुंधति चौधरी को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। भारत की यह युवा मुक्केबाज चीन की विश्व चैंपियन यांग लियु के सामने किसी तरह से चुनौती पेश नहीं कर पाई और 0–5 से हार गई। पिछली बार के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल को हराकर टीम में जगह बनाने वाले दीपक ने शुरू से ही दमदार मुक्के जड़े और अपने प्रतिद्वंद्वी को किसी तरह से कोई मौका नहीं दिया। उनका अगला मुकाबला 2021 के विश्व चैंपियन जापानी खिलाड़ी तोमोया सुबोइ से होगा।

# पुरुष हॉकी : पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदलने पर ध्यान देगा भारत

## सिंगापुर के खिलाफ मुकाबला आज

**हांगझोउ, 25 सितंबर**

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों में मंगलवार को जब पूल ए के अपने दूसरे मैच में सिंगापुर से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने की अपनी दर में सुधार करना होगा।

स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार भारत ने अपने पहले मैच में उज़्बेकिस्तान को 16-0 से करारी शिकायत दी थी लेकिन हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम जानती है कि उसे किन क्षेत्रों में सुधार करना है। विशेष कर जब पेनाल्टी कार्नर की बात आती है तो भारतीय टीम ने कुछ अच्छे ड्रग फ्लिकर होने के बावजूद मौके गंवाए। इन खिलाड़ियों में हरमनप्रीत, वरुण कुमार, अमित रोहिदास और संजय शामिल हैं। हरमनप्रीत को पहले मैच में विश्राम दिया गया था। इन खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत 14 पेनाल्टी कॉर्नर में से केवल पांच पर ही गोल कर पाया था। सिंगापुर के खिलाफ अगले मैच से पहले मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के लिए यह चिंता का विषय होगा। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि हरमनप्रीत मंगलवार को मैच में खेलेंगे और उनके कौशल को देखते हुए पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने का मुख्य जिम्मा उन्हीं का होगा। उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए सकारात्मक पहलू उसकी अग्रिम पंक्ति का प्रदर्शन रहा।



भारत में 16 में से 10 मैदानी गोल किए थे। ललित उपाध्याय ने अग्रिम पंक्ति में शानदार खेल दिखाकर चार गोल दागे जबकि मनदीप सिंह ने तीन गोल किए।

मध्य पंक्ति में मनप्रीत सिंह, उप कप्तान हार्दिक सिंह और विवेक सागर प्रसाद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेंगे। फुल्टन के लिए यह भी चिंता का विषय होगा कि उज्बेकिस्तान के खिलाफ उनकी रक्षा पंक्ति की खास परीक्षा नहीं हुई तथा गोलकीपर पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक के पास बमुश्किल ही गेंद पहुंची। भारतीय टीम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है और यहां उसे शीर्ष वरीयता दी गई है। सिंगापुर की टीम विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर है और इस अंतर को देखते हुए भारत को लगातार दूसरे मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी चाहिए। सिंगापुर को अपने पहले मैच में पाकिस्तान से 0-11 से करारी हार का सामना करना पड़ा था। उसकी टीम संतुलित नजर नहीं आती है।

## एशियाई खेलों में भारत का तीसरे दिन का कार्यक्रम

### मुक्केबाजी
सचिन सिवाच बनाम उदीन असरी–पुरुष 51–57 किग्रा
नरिंदर बेरवाल बनाम एल्चोरो उलू ओमाटबेक– पुरुष +92 किग्रा

### शतरंज
कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली, अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती (पुरुष और महिला व्यक्तिगत)– पांचवें और छठे दौर की बाजियां

### ईस्पोर्ट्स
स्ट्रीट फाइटर वी:
प्रजापति मयंक बनाम राजिखान तलाल फुआद
बिस्वास अयान बनाम गुयेन खान हंग चाऊ

### घुड़सवारी
हृदय छेदा, अनुष अग्रवाल, दिव्यकृति सिंह, सुदीप्ति हजेला (ड्रेसेज व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा)

### तलवारबाजी
महिला साबरे व्यक्तिगत
भवानी देवी बनाम हेंग जूलियट जी मिन
भवानी देवी बनाम अलहम्मद अलहस्ना अब्दुलरहमान
भवानी देवी बनाम दोस्पे करीना
भवानी देवी बनाम दयाबेकोवा ज़ैनब
भवानी देवी बनाम खातून सुश्री रोक्साना

### हॉकी
भारत बनाम सिंगापुर (पुरुष)– ग्रुप चरण

### पाल नौकायन (सेलिंग)
सावरिमुथु जेरोम कुमार (पुरुष विंडसर्फिंग)
डोइफोडे सिद्धेश्वर इंदार: हेल्म;
सरवनन राम्या: क्रूमिक्स्ड (मल्टीहल–नैक्रा 17)
कोंगारा प्रीति: हेल्म;
सुधांशु शेखर: क्रू (मिश्रित डोंगी– 470)
ठाकुर नेहा (लड़कियों की डोंगी),
मेनन अद्वैत (लड़कों की डोंगी)
कुमानन नेत्रा (महिला एकल डिंगी)
हर्षिता: हेल्म; शीतल: क्रू (महिला स्किफ़)
गणेश ईश्वरीय (महिला विंडसर्फर)
सरवनन विष्णु (पुरुष डिंगी)
केलपंडा चेंगप्पा गणपति: हेल्म;
अशोक ठक्कर वरुण: क्रू (पुरुष स्किफ़)
अली इबाद (पुरुष विंडसर्फर आरएस:एक्स)

### निशानेबाजी
गनेमत सेखों, दर्शना राठौड़, परिनाज़ धालीवाल (स्कीट महिला व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन झ 75 लक्ष्य)
रिदम सांगवान, ईशा सिंह और मनु भाकर (25 मीटर पिस्टल महिला) झ क्वालिफिकेशन और टीम स्पर्धा
दिव्यांश सिंह पंवार और रमिता (10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम) झ क्वालिफिकेशन और पदक राउंड

### स्क्वाश
भारत बनाम सिंगापुर (पुरुष) झ ग्रुप चरण
भारत बनाम कतर (पुरुष) झ ग्रुप चरण
भारत बनाम पाकिस्तान (महिला) झ ग्रुप चरण

### तैराकी
सरमा शिवांगी (महिला 100 मीटर फ्रीस्टाइल)
पलक जोशी आशुतोष (महिला 200 मीटर बैकस्ट्रोक)
राकेश साजन प्रकाश, नटराज श्रीहरि, सेल्वराज प्रेमा लिकिथ, मैथ्यू तनीश जॉर्ज (पुरुष 4100 मीटर मेडले रिले)

### वॉलीबॉल
भारत बनाम पाकिस्तान (पुरुष क्लासिफिकेशन)

### वुशु
सूरज यादव बनाम होटक खालिद (पुरुष 70 किग्रा क्वार्टर फाइनल)।

**तैराकी**

## श्रीहरि छठे व लिकिथ सातवें स्थान पर रहे

**हांगझोउ।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज एशियाई खेलों में सोमवार को पुरूषों के 50 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल में छठे स्थान पर रहे। लगातार दूसरे दिन फाइनल में उतरने वाले नटराज ने 25.39 सेकंड का समय लिया। अगर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 24.40 सेकंड का समय लेते तो उन्हें कांस्य पदक मिल सकता था। रविवार को पुरुषों के 100 मीटर बैकस्ट्रोक के फाइनल में भी वह छठे स्थान पर रहे थे। लिकिथ सेल्वराज पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में 1:01.62 सेकेंड के साथ सातवें स्थान पर रहे। उन्होंने हीट में 1:01.98 सेकेंड का समय लिया था। पुरुषों की 4200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भी भारतीय टीम सातवें स्थान पर रही। आर्यन नेहरा, अनीश गौड़ा, कुशाग्र रावत और तनिष जॉर्ज मैथ्यू की चौकड़ी ने 7:29.23 सेकेंड का समय लिया। आर्यन ने चारों में सबसे कम 1:51.89 सेकेंड में 200 मीटर की दूरी तय की। इससे पहले दिन में पूर्व कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े (पुरूषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल), ओलंपियन माना पटेल (महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक), अनिल कुमार एस आनंद ( पुरूषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल), देसिंघु धिनिधि (महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल) और हशिका रामचंद्र ( महिलाओं की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले) फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे।

**पाल नौकायन**

## नेहा, अद्वैत और इबाद का अच्छा प्रदर्शन

**हांगझोउ।** नेहा ठाकुर, अद्वैत मेनन और इबाद अली ने एशियाई खेलों में सोमवार को यहां पाल नौकायन (सेलिंग) में अपनी अपनी स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन किया। लड़कियों की डिंगी आईएलसीए4 की नौवीं रेस में तीसरे स्थान पर रहने वाली ठाकुर ने दसवीं रेस में बेहतर समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। मेनन ने लड़कों के डिंगी आईएलसीए4 की 10वीं रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। वह नौवीं रेस में पांचवें स्थान पर रहे थे। अली पुरुषों की विंडसर्फर आरएस:एक्स स्पर्धा में रेस 12 के बाद तीसरे स्थान पर हैं। नेत्रा कुमानन महिलाओं की एकल डिंगी आईएलसीए6 में पांचवें स्थान पर हैं। टोक्यो ओलंपिक में भाग ले चुके विष्णु सरवानन पुरुषों की डिंगी आईएलसीए7 में पांचवें स्थान पर हैं। केसी गणपति और वरुण ठक्कर पुरुषों की स्किफ़ 49ईआर रेस में सातवें स्थान पर रहे।



**शतरंज**

## विदित गुजराती ने दो बाजियां जीती

**हांगझोउ।** भारत के तीसरी वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर विदित संतोष गुजराती ने एशियाई खेलों की शतरंज प्रतियोगिता में सोमवार को यहां पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा के तीसरे और चौथे दौर में जीत दर्ज करके शानदार वापसी की। गुजराती ने तीसरे दौर में थाईलैंड के प्रिन लाओहाविरापाप को और अगले दौर में वियतनाम के ले तुआन मिन्ह को हराकर अपने अंकों की संख्या तीन कर ली। वह अभी छठे स्थान पर हैं। भारत के ही एक अन्य खिलाड़ी चौथी वरीयता प्राप्त अर्जुन एरीगैसी के भी गुजराती की तरह तीन अंक हैं। यह दोनों खिलाड़ी चार दौर के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव और चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेई यी से आधा अंक पीछे हैं। एरिगैसी ने तीसरे दौर में वियतनाम के न्गुयेन न्गोक ट्रूंग सोन को हराया और फिर ईरान के जीएम तबताबेई सैयदमोहम्मदमी से ड्रॉ खेला। महिला वर्ग में पहले दो दौर में जीत दर्ज करने वाली कोनेरू हंपी और डी हरिका अगले दो दौर में केवल आधा अंक ही हासिल कर पाई। चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त होउ यिफान ने भारतीयों को ज्यादा नुकसान पहुंचाया। उन्होंने तीसरे दौर में हरिका और अगले दौर में हम्पी को हराया। हम्पी ने तीसरे दौर में चीनी खिलाड़ी झू जिनर के खिलाफ अपनी बाजी ड्रा करायी जबकि हरिका ने चौथे दौर में उज्बेकिस्तान की निलुफर याकूबबेवा से ड्रा खेला।

**रग्बी**

## भारतीय महिला टीम की लगातर चार हार




**हांगझोउ।** भारतीय महिला रग्बी टीम एशियाई खेलों में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए चार मैचों में से एक भी जीत दर्ज करने में नाकाम रही। भारत को पूल एफ के अपने तीसरे मैच में सोमवार को यहां विश्व रैंकिंग में 35 वें स्थान पर काबिज सिंगापुर ने 15-0 से हराया। इससे पहले रविवार को टीम को हांगकांग ने 38-0 और जापान ने 45-0 के बड़े अंतर से हराया था। भारतीय टीम इस तरह ग्रुप चरण के मैचों में एक भी अंक नहीं बना सकी। सातवें और आठवें स्थान के मैच में भी भारतीय टीम ने निराश किया। टीम को कजाखस्तान ने 24-7 से शिकस्त दी। भारतीय टीम ने पहली बार 2010 ग्वांगझोउ एशियाई खेलों में भाग लिया था। टीम तब सातवें स्थान पर रही थी।

**हैंडबॉल**

## महिला वर्ग में भारत को जापान ने हराया

हांगझोउ। भारतीय महिला हैंडबॉल टीम को एशियाई खेलों के अपने शुरूआती मैच में सोमवार को यहां जापान से हार का सामना करना पड़ा। जापान ने ग्रुप बी के इस मुकाबले को 41-13 के बड़े अंतर से अपने नाम किया।

भारत के लिए सिर्फ मोनिका अपने खेल से प्रभावित कर सकी। मोनिका ने चार गोल कर भारत को मैच के चौथे मिनट में बढ़त दिला दी थी। जापान ने हालांकि इसके बाद शानदार वापसी करते हुए 30 मिनट के पहले हाफ में 21-4 की बढ़त बना ली। टीम ने दूसरे हाफ में भी 20 अंक बनाकर भारत पर एकतरफा जीत दर्ज की।

भारत के लिए प्रियांक और पी ठाकुर ने तीन-तीन गोल किए, जबकि एम शर्मा, भावना और एस ठाकुर ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम ग्रुप चरण में अपने अगले मैच में बुधवार को हांगकांग से भिड़ेगी जबकि जापान का सामना नेपाल से होगा। इस ग्रुप में चीन की टीम भी है।

ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जिसका आयोजन तीन अक्टूबर को होगा। भारतीय महिला हैंडबाल टीम में हिमाचल प्रदेश की सात खिलाड़ी शामिल हैं।

**तीन गुणा तीन बास्केटबॉल**

## भारतीय पुरुष टीम जीती, महिला हारी

**हांगझोउ।** भारतीय टीमों के लिये बास्केटबॉल कोर्ट पर मिला जुला दिन रहा जब पुरुष टीम ने मलेशिया को हरा दिया लेकिन महिला टीम उजबेकिस्तान से हार गई। पुरूषों के वर्ग में भारत के सहज प्रताप सिंह सेखों ने दस अंक बनाये जिसकी मदद से पूल सी में भारत ने मलेशिया को 20-16 से मात दी। अब भारतीय टीम का सामना बुधवार को मकाउ से होगा। महिला वर्ग में भारत को पूल ए के मैच में उजबेकिस्तान ने 19-14 से हराया। भारत की वैष्णवी ने नौ अंक बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकी।




# टेनिस : बोपन्ना और युकी की जोड़ी की अप्रत्याशित हार

## अंकिता और रूतुजा प्री क्वार्टर फाइनल में

**हांगझोउ, 25 सितंबर**

एक बड़े उलटफेर में स्वर्ण पदक के दावेदार शीर्ष वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी सोमवार को टेनिस पुरुष युगल में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गए हैं। भांबरी खेल के आखिरी हिस्से में लय हासिल करने के लिये जूझते नजर आये। उजबेकिस्तान के सर्जेइ फोमिन और खुमोयुन सुल्तानोव ने यह मुकाबला 2-6, 6-3, 10-6 से जीता। यह हार भारतीय जोड़ी को बहुत खलेगी क्योंकि बोपन्ना युगल में शीर्ष दस खिलाड़ियों में है और भांबरी भी शीर्ष सौ में हैं जबकि उजबेक टीम शीर्ष 300 में भी नहीं है। दूसरे सेट में 3-4 स्कोर पर भांबरी ने डबलफाल्ट किया जिससे एक ब्रेक प्वाइंट गंवा दिया। बैकहैंड पर उनके कमजोर शॉट से उजबेक टीम ने बढ़त बना ली। सुपर टाइब्रेकर में उजबेक टीम ने 3-0 की बढ़त बना ली और जल्दी ही इसे 5-1 कर लिया। बोपन्ना की सर्विस पर शानदार सर्विस रिटर्न के दम पर यह बढ़त 6-1 की हो गई। फोमिन ने बैकहैंड पर विनर लगाकर चार मैच प्वाइंट बनाये। भारतीय जोड़ी ने पहला बचा लिया लेकिन सुल्तानोव ने विनर लगाकर मुकाबला जीता। भारतीय कोच जीशान अली ने कहा कि बोपन्ना को मैच में भांबरी से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि इस स्तर पर ऐसे मैच में इतनी गलतियां नहीं कर सकते। आपको मौकों को भुनाना आना चाहिये। रोहन ने अच्छा खेला लेकिन उसे अपने साथी से सहयोग नहीं मिला जो इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। बोपन्ना और भांबरी अब मिश्रित युगल में खेलेंगे। भांबरी और अंकिता रैना को शीर्ष वरीयता मिली है जबकि बोपन्ना और भोसले को दूसरी वरीयता मिली है। इससे पहले भारत की शीर्ष एकल खिलाड़ी अंकिता रैना ने शानदार शुरूआत करते हुए महिला एकल टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि रूतुजा भोसले को निचली रैंकिंग वाली अरूजान सगनडिकोवा के खिलाफ जीतने में काफी पसीना बहाना पड़ा। रैना ने दूसरे दौर के मैच में एक भी गेम नहीं गंवाया और 51 मिनट में उजबेकिस्तान की 17 वर्ष की सबरीना ओलिमजोनोवा को 6-0, 6-0 से हराया एकल में 198वीं रैंकिंग वाली 2018 की कांस्य पदक विजेता रैना का सामना अब हांगकांग की आदित्या पी करूणारत्ने से होगा। वहीं भोसले की प्रतिद्वंद्वी विश्व रैंकिंग में 746वें स्थान की खिलाड़ी थी लेकिन उसे जीत के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ी। कजाखस्तान की इस खिलाड़ी को उसने 7-6, 6-2 से हराया। पहला सेट करीब सवा घंटे तक चला और 336वीं रैंकिंग वाली भोसले को जीत के लिये जूझना पड़ा। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त फिलीपींस की एलेक्स एला से होगा। पुरूष एकल में रामकुमार रामनाथन को बिना खेले ही दूसरे दौर में प्रवेश मिल गया। उनके प्रतिद्वंद्वी ताजिकिस्तान के सुनातुलो इसरोइलोव मुकाबले के लिये पहुंचे ही नहीं। पुरूष युगल में रामकुमार और साकेत माइनेनी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जिन्होंने इंडोनेशिया के इगनाशियस एंथोनी सुसांतो और डेविड एगुंग सुसांतो को 6-3, 6-2 से हराया।

## जूडो खिलाड़ी गरिमा चौधरी एशियाई खेलों से बाहर

**हांगझोउ।** भारतीय जूडो खिलाड़ी गरिमा चौधरी सोमवार को यहां महिला 70 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में फिलिपीन्स की रयोको सेलिनास के खिलाफ इप्पोन से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गईं।

तेइस साल की रयोको ने नॉकआउट दौर में गरिमा को सिर्फ दो मिनट दो सेकेंड में इप्पोन के जरिए 10-0 से हराया। गरिमा तीसरी बार एशियाई खेलों में हिस्सा ले रही हैं। वह 2010 में रेपेचेज दौर में हार गईं थी जबकि जकार्ता में 2018 में उन्हें प्री क्वार्टर फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

इप्पोन में जूडो खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी को मैट पर काफी ताकत और गति से गिराता है जिससे कि वह अपनी पीठ के बल गिरे। साथ ही कोई खिलाड़ी अगर अपने प्रतिद्वंद्वी को 20 सेकेंड तक गिराकर रखता है या उसका प्रतिद्वंद्वी इस दौरान हार मान ले तो भी इप्पोन दिया जाता है।



हार के बाद निराश युकी और बोपन्ना की जोड़ी।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत सैफ अंडर-19 बालक फुटबॉल के सेमीफाइनल में

**काठमांडू।** भारत ने सोमवार को यहां दशरथ स्टेडियम में भूटान को 2-1 से हराकर सैफ अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। जिग्मे नामग्येल ने 20वें मिनट में भूटान को बढ़त दिलाई लेकिन भारत ने ग्वग्मसार गोयारी और रिकी मीतेई के गोल से वापसी की और अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अंतिम चार में जगह बनाई। भारत ने इससे पहले ग्रुप बी के मैच में बांग्लादेश को 3-0 से हराया था। भूटान ने भी बांग्लादेश पर 4-3 से जीत दर्ज की थी जिसका मतलब था कि भारत को ग्रुप में शीर्ष पर रहने के लिए इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी। भारत बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगा।

### श्रीलंका के सचित्र सेनानायके को मैच फिक्सिंग मामले में जमानत मिली

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सचित्र सेनानायके को कोलंबो के मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत से सोमवार को जमानत मिल गई। उन्हें खेल भ्रष्टाचार जांच ईकाई ने मैच फिक्सिंग के आरोपों में इस महीने गिरफ्तार किया था। अदालत ने उनके विदेश जाने पर भी रोक लगा दी थी। सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिये एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेले हैं। उन पर लंका प्रीमियर लीग 2020 के दौरान मैच फिक्स करने की कोशिश का आरोप है। अदालत ने उन्हें 50 लाख श्रीलंकाई रूपये के निजी मुचलकों पर जमानत दी।<

### नाजमुल हुसैन शांतो होंगे बांग्लादेश के कप्तान

**ढाका।** न्यूज़ीलैंड के खिलाफ मंगलवार को तीसरे एक दिवसीय मैच में नाजमुल हुसैन शांतो बांग्लादेश के कप्तान होंगे। मेज़बान टीम ने पहले दो वनडे मैच में कई विश्व कप दल के खिलाड़ियों को आराम दिया था और आख़िरी मुक़ाबले के लिए उन्होंने कई परिवर्तन भी किए हैं। पहले दो मैचों में आराम कर रहे अधिकतर खिलाड़ियों को वापस बुलाया गया है, जबकि अस्थायी कप्तान लिटन दास, तमीम इक़बाल और मुस्तफ़िज़ुर रहमान को आराम दिया गया है। शांतो के अलावा स्क्वॉड में मुशफ़िकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज़, तस्कीन अहमद और शोरिफ़ुल इस्लाम की भी वापसी हुई है। सौम्य सरकार, नुरुल हसन और ख़ालिद अहमद को बाहर जाना पड़ा है।

### ओपनिंग मैच के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप के पहले मैच के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। साल 2019 में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए वर्ल्ड कप फाइनल मैच का रिप्ले देखने का मौका फैंस को मिलने वाला है, क्योंकि वर्ल्ड कप- 2023 में इंग्लैंड-न्यूजीलैंड ग्रुप स्टेज क्लैश के लिए मंच तैयार है। इस मैच के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। उनके साथ टीवी अंपायर पॉल विल्सन, चौथे अंपायर शाहिद सैकत और मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ शामिल होंगे। 39 साल के मेनन, जो मेज़बान देश भारत से हैं वो टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के अंपायर होंगे।

### टीम को बेहतर प्लानिंग के साथ खेलना होगा : एबॉट



**इंदौर।** ऑस्ट्रेलियाई टीम के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर सीन एबॉट ने भारत से 99 रन से मिली लगातार पांचवीं वनडे हार के बाद स्वीकार किया कि गेंदबाजी आक्रमण को बेहतर करने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया ने होलकर स्टेडियम में दूसरे वनडे में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, लेकिन भारतीय टीम ने 399/5 रन का बड़ा स्कोर बनाए। भारतीय बल्लेबाजों ने कंगारू गेंदबाजों की खूब धुनाई की, जिसमें एबॉट ने अपने स्पेल में 91 रन दिए जबकि कैमरून ग्रीन ने 100 से अधिक रन दिए। वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों के फ्लॉप शो ने ऑस्ट्रेलियाई टीम की टेंशन बढ़ा दी है। क्रिकेट डॉट कॉम.एयू ने एबॉट के हवाले से कहा, हम विश्व कप के लिए कुछ सही चीजें कर रहे हैं, हमने उन्हें अभी तक मैदान में नहीं उतारा है। इसलिए, मुझे विश्वास है कि हम इसे बहुत जल्द वापसी करेंगे। वहीं, अपने प्रदर्शन और अपनी टीम को लेकर सीन एबॉट ने मैच के बाद बयान दिया। जिसमें उनका कहना था कि, हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं था। टीम को आगे बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टीम को बेहतर प्लानिंग के साथ आगामी मैचों में खेलना होगा।

# पाकिस्तान क्रिकेट टीम को भारत आने का मिला वीजा

## आईसीसी ने की पुष्टि, 27 सितंबर को होगी टीम रवाना, 29 सितंबर को है अभ्यास मैच, भारत के रवैए से पीसीबी नाखुश, टीम को नहीं मिलेगा अभ्यास का मौका

**इंदौर, 25 सितंबर**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सदस्यों को एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारतीय वीजा जारी कर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा राष्ट्रीय टीम की हैदराबाद यात्रा में देरी पर वैश्विक संस्था के साथ गंभीर चिंता जताए जाने के कुछ घंटों बाद आईसीसी ने वीजा जारी होने की पुष्टि की।

पाकिस्तान की टीम 27 सितंबर को तड़के भारत के लिए रवाना होगी। टीम को निर्धारित यात्रा से 48 घंटे से भी कम समय पहले वीजा मंजूरी मिल गई। पाकिस्तान 29 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलेगा। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि पाकिस्तान को वीजा जारी किया जा चुका है। वीजा जारी होने को लेकर हालांकि पाकिस्तानी खेमे में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पीसीबी के प्रवक्ता उमर फारूक ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि वीजा मंजूरी को लेकर हमें अभी तक भारतीय उच्चायोग से फोन नहीं आया है। हमारी टीम के सदस्य वहां मौजूद हैं। आईसीसी ने वीजा जारी होने की पुष्टि उस समय कि जब पीसीबी ने आईसीसी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्योफ एलार्डिस को संबोधित पत्र में दावा किया कि इसमें देरी से टीम की तैयारी प्रभावित हो रही हैं। पाकिस्तान को अभ्यास मैच के लिए 27 सितंबर को हैदराबाद पहुंचने से पहले दुबई में दो दिवसीय 'टीम बॉन्डिंग' सत्र आयोजित करना था। भारतीय वीजा पर अनिश्चितता के कारण दुबई के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है।

बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम हैदराबाद में दो अभ्यास मैच के बाद विश्व कप के इतने ही मुकाबले खेलेगी। टीम को 29 सितंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलना है। पीसीबी ने आईसीसी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्योफ एलार्डिस को संबोधित पत्र में दावा किया कि भारत में विश्व कप के लिए खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों, प्रशंसकों और पत्रकारों को दिए जाने वाले वीजा पर उसकी चिंताओं पर तीन साल से अधिक समय से ध्यान नहीं दिया गया है। इसमें यह भी कहा गया कि पाकिस्तान के साथ इस तरह का असमान व्यवहार स्वीकार्य नहीं होगा।

फारूक ने कहा कि 'आईसीसी विश्व कप के लिए पाकिस्तानी टीम को मंजूरी मिलने और भारतीय वीजा हासिल करने में असाधारण देरी हुई है। हमने आईसीसी को पत्र लिखकर पाकिस्तान के प्रति असमान व्यवहार के बारे में अपनी चिंताओं को उठाया है और उन्हें विश्व कप के प्रति इन दायित्वों की याद दिलाई है। यह निराशा की बात है कि पाकिस्तान टीम को प्रमुख टूर्नामेंट से पहले अनिश्चितता से गुजरना पड़ रहा है। पाकिस्तान की टीम ने भारत में आखिरी बार 2016 टी20 विश्व कप में हिस्सा लिया था। दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव के कारण क्रिकेट टीमें एशिया कप और आईसीसी टूर्नामेंटों में ही एक-दूसरे के खिलाफ खेलती हैं।

पीसीबी सूत्रों ने बताया कि दुबई यात्रा रद्द होने के बाद लगभग 35 सदस्यीय पाकिस्तानी दल के उड़ान टिकट फिर से बुक किए गए हैं। एक सूत्र ने कहा कि जहां तक विश्व कप के लिए टीम की तैयारी का सवाल है, वीजा में देरी के कारण झटका लगा है। अभ्यास मैच में चार दिन से भी कम समय बचा है और खिलाड़ी अनिश्चितता की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि अगर खिलाड़ियों को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है तो प्रशंसकों और पत्रकारों के वीजा आवेदनों का क्या होगा। पाकिस्तान के खेल से जुड़े वीजा आवेदकों को तीन मंत्रालयों (गृह,विदेश और खेल) से मंजूरी की आवश्यकता होती है।




# ईस्ट जोन सबजूनियर हॉकी में झारखंड और बिहार का जलवा







**रांची, 25 सितंबर**

पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला ईस्ट जोन चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन सोमवार को हॉकी झारखंड, हॉकी बिहार और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैच जीते जबकि सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और मणिपुर हॉकी विजयी रहे। दिन के पहले गेम में सब जूनियर महिला वर्ग के पूल ए में हॉकी झारखंड ने मणिपुर हॉकी को 9-0 से हराया। हॉकी झारखंड के लिए गोल स्कोरर हेमरोम लियोनी (1वें, 15वें, 32वें मिनट), मुंडू सुकरमानी (13वें, 39वें मिनट), आइंद नेहा (37वें, 47वें मिनट), मुंदरी सरोज (6वें मिनट) और जोजो जुबलियानी (43वें मिनट) ने किये। पूल ए के दूसरे मैच में हॉकी बिहार ने हॉकी बंगाल को 4-0 से हराया। सिंह सपना (16वें मिनट) ने हॉकी बिहार के लिए खाता खोला। इसके बाद बिजली कुमारी (27वें मिनट), कुमारी अंजलि (41वें मिनट) और आकांशा यादव (47वें मिनट) ने गोल किये। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने सब जूनियर महिला वर्ग के तीसरे मैच में पूल ए में असम हॉकी को 23-0 के विशाल अंतर से हराया। कैप्टन नेहारिका टोप्पो (3वें मिनट), अंजना ज़ाक्सा (2वें, 4वें, 4वें, 50वें मिनट), किरो संजना (10वें, 47वें, 54वें मिनट), तनीषा एक्का (11वें, 30वें, 36वें, 38वें मिनट), द्रुपति नाइक (17वें, 19वें, 60वें, 60वें मिनट), कुजूर संजना (25वें, 37वें, 44वें मिनट), सदाम आशिका (30वें मिनट), सुप्रिया (38वें, 47वें मिनट), और पटेल हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए प्रज्ञा (43वें मिनट) ने स्कोर किया। दिन के चौथे मैच में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने पुरुष वर्ग के पूल ए में असम हॉकी को 18-0 से हराया। केरकेट्टा मनदीप (3वें, 9वें, 15वें, 25वें, 27वें, 30वें मिनट) ने माझी असित (12वें मिनट), बारला सुजीत (19वें, 33वें मिनट), लाकड़ा रितिक (21वें, 24वें, 50वें, 60वें मिनट), डेडेल जेस्टेनली (24वें मिनट), लाकड़ा आशीष (37वें मिनट), अमित किरो (42वें मिनट), लाकड़ा बिमल (52वें मिनट), और बिद्यानंद सिंह युमखाम (58वें मिनट) ने गोल दागे।

दिन के आखिरी मैच में जूनियर पुरुष वर्ग के पूल ए में मणिपुर हॉकी ने हॉकी बंगाल को 5-0 से हराया। मणिपुर हॉकी के लिए गोल करने वाले खिलाड़ी लिशम मैक्स सिंह (30वें मिनट) और कप्तान सुशील लिशम (32वें, 37वें, 40वें, 47वें मिनट) थे।

### सुब्रतो कपः झारखंड और हरियाणा के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली।** 62वें सुब्रतो कप जूनियर गर्ल्स इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल गत चैंपियन झारखंड और पूर्व चैंपियन हरियाणा के बीच मंगलवार को खेला जायेगा। डॉ बीआर अम्बेडकर स्टेडियम में शाम चार बजे खेले जाने वाले फाइनल का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर किया जायेगा। फाइनल में एयर मार्शल ऐपी सिंह पीवीएसएम, एवीएसएम, वायु सेना के उप प्रमुख मुख्य अतिथि होंगे। गत चैंपियन सेंट पैट्रिक गुमला, झारखंड ने दूसरे सेमीफाइनल में होम मिशन स्कूल, आइजोल, मिजोरम को 2-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। बिनीता होरो और अल्फा कंडुलना ने गोल किया। पहले सेमीफाइनल में जीएसएसएस अलखपुरा, भिवानी, हरियाणा ने स्कूल ऑफ साइंस, थौबल, मणिपुर को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

SUBROTO CUP
International Football Tournament

# बांग्लादेश ने जीता वीमेंस क्रिकेट का कांस्य पदक



**हांगझोउ, 25 सितंबर**

चीन में चल रहे एशियाई खेलों के 19वें संस्करण में सोमवार सुबह पाकिस्तान और बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टी-20 के बीच तीसरे स्थान (कांस्य पदक) के लिए हुए मुकाबले में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया है। बांग्लादेश ने टॉस जीत कर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने सिर्फ 18 रन पर 4 विकेट खो दिए। सातवें नंबर बल्लेबाजी करने आयी अलिया रियाज ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। टीम की सात खिलाड़ी दहाई के आंकड़ा भी नहीं हासिल कर पाये। कप्तान निदा डार ने 14 रन बनाए। बंगलादेश की ओर से लेग स्पिनर शोरना अख्तर ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 64 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम को ओपनर शमिमा सुल्माना और साथी रानी ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने 13-13 रन बनाए और पहले विकेट के लिए 27 रन जोड़े। हालांकि एक समय बांग्लादेश का स्कोर तीन विकेट पर 34 रन हो गया। इसके बाद शोरना अख्तर ने 33 गेंद पर नाबाद 14 रन बनाकर टीम की जीत सुनिश्चति कर दी। पाकिस्तान की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर नासरा संधू ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 10 रन देकर तीन विकेट चटकाए। बंगलादेश की टीम ने 65 रनों के आसान लक्ष्य को पांच विकेट के नुकसान पर 18.2 ओवर हासिल कर लिया।

### एशियन गेम्स : तीसरे स्थान के मुकाबले में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया

# तीसरे वनडे में वापसी करेंगे बुमराह अभ्यास मैचों तक फिट हो सकते हैं अक्षर

**नईदिल्ली, 25 सितंबर**

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक मैच का विश्राम लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे जबकि ऑलराउंडर अक्षर पटेल को विश्व कप से पहले अपनी चोट से उबरने के लिए कुछ और समय दिया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दोनों मैच में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम प्रबंधन को अभी उम्मीद है कि अक्षर सही समय पर फिट हो जाएंगे।

बीसीसीआई के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर न्यूज एजेंसी से कहा कि टीम प्रबंधन अक्षर को चोट से उबरने का पूरा मौका देना चाहता है। उनकी उंगली की चोट ठीक हो गई है और अगले कुछ दिनों में वह विश्व कप के लिए पूरी तरह फिट हो सकते हैं। विश्व कप में भारत का पहला मैच आठ अक्टूबर को है और इसलिए इसमें अभी समय है। उन्होंने कहा कि जहां तक अश्विन की बात है तो हम जानते हैं कि वह मैच फिट है और अच्छी लय में है। यदि अक्षर समय पर फिट नहीं हो पाते हैं तो फिर अश्विन को उनकी जगह मिलेगी। यह भी पता चला है कि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को कुछ दिनों का विश्राम दिया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि टीम की रोटेशन नीति के अनुसार बुमराह को विश्राम दिया गया तथा अब वह कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव के साथ टीम में वापसी करेंगे। पिछले कुछ समय से लगातार खेल रहे गिल के अलावा शार्दुल ठाकुर को भी तीन-चार दिन का विश्राम दिया जाएगा।




# न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान का अभ्यास मैच को दर्शकों के बिना खेला जाएगा

**नईदिल्ली।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 29 सितंबर को हैदराबाद में होने वाले आईसीसी विश्व कप 2023 अभ्यास मैच को दर्शकों के बिना खेला जायेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को बताया कि यह कदम स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर लिया गया है। हैदराबाद में खेले जाने वाले इस मैच से एक दिन पहले गणपति विसर्जन और ईद उन मिलाद उन नबी का त्योहार है। इस दौरान शहर के कई क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा होने की संभावना है।

बीसीसीआई से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक कि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच 29 सितंबर को हैदराबाद में होने वाला आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 अभ्यास मैच अब स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों की सलाह के अनुसार बंद दरवाजों के पीछे होगा। बोर्ड ने बयान के मुताबिक कि हैदराबाद में होने वाले मैच की तारीख त्योहारों से टकरा रही है और ऐसे में शहर में जगह-जगह बड़ी संख्या में लोगों के इकट्ठा होने की संभावना है। इस मैच के टिकट धारकों को पूरी रकम वापस की जायेगी। बीसीसीआई ने कहा कि मैच के लिए टिकट खरीदने वाले दर्शकों को पूरा पैसा वापस मिलेगा। शहर की पुलिस ने पहले हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) से मैच की तारीखें बदलने के लिए कहा था, लेकिन बीसीसीआई ने स्पष्ट कर दिया था कि कार्यक्रम में बार-बार बदलाव नहीं किया जा सकता। यह अभ्यास मैच है, ऐसे में बीसीसीआई और एचसीए इस बात को लेकर सहमत हुए कि मैच को दर्शकों के बिना खेला जायेगा।

ICC MEN'S CRICKET WORLD CUP INDIA 2023



भारत में होने वाले विश्व कप क्रिकेट में हिस्सा लेने के लिए रवानगी से पूर्व अफगानिस्तानी क्रिकेट टीम।